जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक-12.01.2025**

थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाछिंत 03 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 09.01.2025 को वादी श्री वाजिद पुत्र शहीद निवासी मौहल्ला सलेमपुर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली ने अपनी पुत्री के सुसरालियों पर दहेज की मांग करना व दहेज न देने पर पुत्री की हत्या करने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

आज दिनांक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.शाहरुख पुत्र अब्दुल मजीद निवासी मौहल्ला दरबारखुर्द थाना कैराना जनपद शामली।

2.फारुख पुत्र अब्दुल मजीद निवासी मौहल्ला दरबारखुर्द थाना कैराना जनपद शामली।

3.अब्दुल मजीद पुत्र स्वै0 फैय्याज निवासी मौहल्ला दरबारखुर्द थाना कैराना जनपद शामली।

थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग, मारपीट करने के मामले में वांछित 09 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 11.01.2025 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षो में एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग व मारपीट की घटना हुई थी। घटना के सम्बन्ध में इमरान पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर 20 व्यक्ति नामजद व 08-10 व्यक्ति नाम पता अज्ञात तथा तासमीन पुत्र इकराम निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली की तहरीर के आधार पर 23 व्यक्ति नामजद व 08-10 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये तथा घटना में घायल 04 व्यक्तियों को उपचार हेतु भेजा गया था। उपरोक्त घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली के द्वारा थाना कैराना पुलिस को सतर्क दृष्टि रखने एवं नामित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग मारपीट करने के मामले में वांछित दोनो पक्षों के कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है शीघ्र अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.दिलशाद पुत्र कामिल निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
2.इमरान पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
3.नासिर पुत्र इकबाल निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
4.दिलशाद पुत्र फरजू निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
5.वाजिद पुत्र जिन्दा निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
6.मुम्तियाज पुत्र जिन्दा निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
7.फारुख पुत्र यासीन निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
8.तनवीर पुत्र अब्बास निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।
9.सुफियान पुत्र शौकत निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 12.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.खलील पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम कैडी थाना बाबरी जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI